छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, विधिक सेवा मार्ग, बिलासपुर

बिलासपुर, दिनांक 10.12.2018

क्रमांक/3107/एक-14-01/2017

अनुवादक (हिन्दी से अंग्रेजी) के पद पर सीधी भर्ती से नियुक्ति हेतु विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक 2187/एक-14-01/2017 बिलासपुर दिनांक 13.10.2017 के परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, अधिकारी/कर्मचारी भर्ती नियम 2012 के प्रावधान अनुसार, छत्तीसगढ़ शासन के अधीन छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर की स्थापना के अंतर्गत उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति बिलासपुर के स्थापना में अनुवादक (हिन्दी से अंग्रेजी) के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाईट **www.cgvyapam.choice.gov.in** पर आमंत्रित किए जाते हैं।

2. परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है :
   1. परीक्षा की तिथि : 13.01.2019 (रविवार)
   2. परीक्षा का समय : अपरान्ह 02.00 बजे से 05.15 बजे तक
   3. परीक्षा केन्द्र (05 संभागीय मुख्यालयों में) : अंबिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, रायपुर
   4. परीक्षा शुल्क-परीक्षा शुल्क निम्नानुसार देय होगा -
      सामान्य वर्ग : 350/-
      अन्य पिछड़ा वर्ग : 250/-
      अनुसूचित जाति/जनजाति/निःशक्तजन : 200/-
   5. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि : 14.12.2018 (शुक्रवार)
   6. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरकर ऑनलाईन परीक्षा शुल्क भरने की अंतिम तिथि : 30.12.2018 (रविवार) रात्रि 11.59 बजे तक
   6. व्यापम की वेबसाईटं पर प्रवेश पत्र जारी करने की अंतिम तिथि : 07.01.2019 (सोमवार)
   7. रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :

क्र.	पद का नाम	वेतन मेट्रिक्स	वर्ग	पद संख्या						शैक्षणिक योग्यता
				मुक्त	महिला	भूतपूर्व सैनिक	निःशक्तजन	उत्कृष्ट खिलाड़ी	योग	
1	अनुवादक (हिन्दी से अंग्रेजी)	लेबल-8	अनारक्षित	01	-	-	-	-	01	1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि अंग्रेजी में दक्षता सहित अथवा अंग्रेजी में स्नातकोत्तर उपाधि हिन्दी में दक्षता सहित। कम्प्यूटर में कार्य करने की दक्षता आवश्यक है। विधि स्नातक को अधिमान्यता दी जायेगी अर्थात् वरिष्ठता निर्धारण में विधि स्नातक को 05 अतिरिक्त अंक प्रदान किया जावेगा।
			अनुसूचित जाति	-	-	-	-	-		
			अनुसूचित जनजाति	01	-	-	-	-	01	
			अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर)	01	-	-	-	-	01	
			योग	03	-	-	-	-	03	

3. **आयु सीमा :** अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01.01.2018 को 18 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक न हो, परंतु छत्तीसगढ़ राज्य के स्थायी निवासी के लिए अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष के स्थान पर 40 वर्ष होगी। छ.ग. शासन द्वारा घोषित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला तथा अन्य पात्र अभ्यर्थियों को शासन के नियमानुसार आयु सीमा में छूट दी जायेगी।

नोट : I. विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है, यह संख्या विभाग की आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है।

II. विज्ञापन में उल्लेखित रिक्त पदों का प्रवर्गवार आरक्षण माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक रिट पिटीशन-सी क्रमांक 591/2012, 592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 में पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन होगा। विस्तृत विज्ञापन, पाठ्यक्रम, ऑनलाईन आवेदन एवं शुल्क भुगतान की तिथि तथा अन्य जानकारी व्यापमं की वेबसाईट **www. cgvyapam.choice.gov.in** पर देखा जा सकता है।

III. पंजीकृत डाक एवं स्पीड पोस्ट से भेजे जाने वाले आवेदन पत्र मान्य नहीं किए जाएंगे।

परीक्षा निर्देश : व्यापमं द्वारा जारी परीक्षा निर्देश व्यापमं की वेबसाईट **www.cgvyapam.choice.gov.in** पर उपलब्ध है, जिसमें ऑनलाईन आवेदन का प्रारुप, आवेदन पत्र भरने की विधि, आवेदन पत्र में फोटो, हस्ताक्षर एवं बाएं हाथ के अंगूठे का निशान स्केन करने एवं पोस्ट करने की विधि, ऑनलाईन पेमेंट की विधि, अभ्यर्थी का प्राप्त रजिस्ट्रेशन आई.डी. नंबर के आधार पर ऑनलाईन एडमिट कार्ड प्राप्त करने की विधि तथा अन्य जानकारियां दी गई है।

सदस्य सचिव

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर (छ.ग.)

जी-56611